# भरोसा शपथ

## भाजपा के प्रमुख संकल्प

भाजपा

भय नहीं भरोसा

- घुसपैठ रोकने के लिए सरकार के गठन के 45 दिनों के भीतर भारत-बांग्लादेश सीमा पर जमीन अधिग्रहण समस्या का समाधान किया जाएगा।
- सभी सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए डीए सुनिश्चित किया जायेगा तथा 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा।
- समान नागरिक संहिता (Uniform Civil Code) लागू की जाएगी। धार्मिक आस्था और पूजा पद्धति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए क़ानून बनाया जाएगा।
- टीएमसी के 15 वर्षों के भ्रष्टाचार और क़ानून व्यवस्था के पतन को उजागर करने हेतु श्वेत पत्र जारी किया जायेगा। सिंडिकेटराज व कटमनी पर रोक लगायी जाएगी।
- महिलाओं को प्रति माह ₹3,000 की वित्तीय सहायता मिलेगी। महिला सशक्तिकरण हेतु 75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया जायेगा एवं सरकारी नौकरियों में 33% आरक्षण दिया जाएगा।
- राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुनिश्चित की जाएगी।
- बालिकाओं को ग्रेजुएशन के लिए ₹50,000 की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।
- गर्भवती महिलाओं को ₹21,000 की आर्थिक सहायता तथा 6 पोषण किट प्रदान की जाएगी।
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बटालियन, दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड बनाया जायेगा। राज्य रिज़र्व पुलिस बल में दो महिला बटालियन स्थापित की जाएँगी।
- सिंगूर में इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जायेगा एवं हल्दिया पोर्ट ब्लू इकॉनमी की रीढ़ बनेगा, सुंदरबन से दार्जिलिंग तक एक सीधा राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जाएगा।
- माइक्रोफाइनांस कंपनियों से लिए गए ऋणों को चुकाने में असमर्थ लोगों को ₹1 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- पांच वर्षों में 1 करोड़ नए रोज़गार उपलब्ध कराए जाएँगे, दिसंबर 2026 तक सभी रिक्त सरकारी पदों को भरा जाएगा एवं युवाओं को प्रति माह ₹3,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- 5 लाख युवाओं को स्टार्ट-अप के लिए ₹10 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- राज्य के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रति वर्ष ₹9,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। धान, आलू और आम की खेती के लिए सहयोग एवं धान का MSP बढ़ाकर ₹3,100 किया जाएगा।
- राज्य के प्रत्येक मछुआरे को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पंजीकृत किया जाएगा और राज्य को मछली निर्यात का एक प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध होगा।
- धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में शक्तिपीठ सर्किट और श्री चैतन्य महाप्रभु सर्किट का निर्माण किया जाएगा।
- वन्दे मातरम संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। कोलकाता को यूनेस्को लिविंग हेरिटेज सिटी का दर्जा दिया जाएगा।
- उत्तर बंगाल में एम्स, आईआईटी और आईआईएम की स्थापना की जाएगी। पुराने चाय बागानों के पुनर्जीवन के लिए पुनर्रोपण कार्यक्रम चलाये जायेंगे।
- कुर्माली और राजबोंगशी भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा।




भय OUT भरोसा IN BJP के वोट दीन